पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

21वाँ दीक्षांत–समारोह

//अधिसूचना//

क्रमांक : 2763 /अका./दीक्षांत/2015 रायपुर, दिनांक 11/02/2015

इस कार्यालय के अधिसूचना क्रमांक 2306/अका./दीक्षांत/2014 दिनांक 30.12.2014 के अनुक्रम में समस्त संबंधितों को सूचित करना है कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का **इक्कीसवाँ दीक्षांत–समारोह 21 फरवरी, 2015 को पूर्वान्ह 11.30 बजे विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में होना निश्चित हुआ है।** इस संबंध में अन्य जानकारी निम्नानुसार है :–

01. डी.लिट्. एवं पी–एच.डी. प्राप्त जो व्यक्ति इस दीक्षांत–समारोह में उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित आवेदन–पत्र पर विश्वविद्यालय के उपाधि प्रकोष्ठ को **दिनांक 16.02.2015** तक सूचना देना होगा। आवेदन–पत्र के साथ आवेदकों को रु. 700/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में **दिनांक 16.02.2015** तक जमा करना होगा। इस अवधि के पश्चात् आवेदन–पत्र एवं शुल्क स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

02. दीक्षांत–समारोह में स्वर्ण–पदक प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्याशियों को आवेदन पत्र के साथ रु. 200/– नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा दीक्षांत–समारोह के शुल्क के रूप में कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को **दिनांक 16.02.2015** तक जमा करना होगा/को भेजना होगा।

03. दीक्षांत–समारोह की शोभायात्रा का **पूर्वाभ्यास शुक्रवार दिनांक 20.02.2015 को अपरान्ह 3.00 बजे** आयोजित है। पूर्वाभ्यास में उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

04. **गाउन वितरण शुक्रवार दिनांक 20.02.2015 को 11.00 बजे से** डॉ. अरविंद अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक, एकेडमिक स्टॉफ कालेज, कला भवन, पं.र.वि.वि. रायपुर के निर्देशन में की जाएगी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शोध उपाधि के लिए योग्य घोषित प्रत्याशियों की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.prsu.ac.in) में उपलब्ध है।

कुलसचिव

पृ. क्रमांक : 2764 /अका./दीक्षांत/2015 रायपुर, दिनांक 11/02/2015

प्रतिलिपि :

01. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर
02. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद के सदस्यों को,
03. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष,
04. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/अधिष्ठाता छात्र कल्याण,
05. सचिव, उच्च शिक्षा, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर
06. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर
07. समस्त संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य,
08. विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अध्यक्ष/समस्त विभागीय अधिकारी,
09. संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों को आगामी अंक के अंतिम पृष्ठ पर समाचार के रूप में प्रकाशनार्थ।
10. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, माय एफ–एम, रेडियो मिर्ची, ज्ञान वाणी रायपुर को सूचना के रूप में प्रकाशनार्थ ।
11. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययन शाला को इस निवेदन के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट अपलोड करें।
12. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक पं. र.वि.वि. रायपुर

उप कुलसचिव (अका.)